
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 273 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** योजनाओं और नीतियों का जमीन



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 6 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39 | 2 जेल में 5 साल सड़ेगा लॉर्ड नजीर | 7 भारत और वेस्टइंडीज का पहला वनडे आज

# चार लाख युवाओं को देंगे रोजगार

## हरिद्वार में चुनाव प्रचार को धार देने पहुंचे राहुल गांधी

**संवाददाता**

हरिद्वार। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्यकर्त्ताओं की वर्चुअल सभा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर चार लाख युवाओं को रोजगार देंगे। सिलेंडर 500 रुपये से कम का मिलेगा। पांच लाख परिवारों के खाते में हर साल 40 हजार रुपये आएंगे। स्वास्थ्य सर्विस दवाई- डाक्टर-एम्बुलेंस आपके दरवाजे पर पहुंचा देंगे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने कुछ दिनों पहले पार्लियामेंट में बोला कि एक देश के दो देश बनाए जा रहे हैं। एक हिंदुस्तान के दो हिंदुस्तान बनाए जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी की पालिसी दो देश बना रही है। एक देश चुने हुए अरबपतियों के 100-200 लोगों का। जिसमें प्राइवेट हवाई जहाज, मर्सिडीज गाड़ी जो भी आप सोचो आपको मिल सकता है। किसानों का खेत चाहिए, भेल को प्राइवेट कराना हो वो हो जाएगा।

दूसरा किसानों का हिंदुस्तान, मजदूरों का छोटे व्यापारियों का युवाओं का हिंदुस्तान। इस हिंदुस्तान में अगर आप को रोजगार चाहिए रोजगार नहीं मिल सकता। हम दो हिंदुस्तान नहीं बनने देंगे। न्याय योजना लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनता से बात करते हैं और जनता की आवाज सुनते हैं, नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं है। नरेन्द्र मोदी जी 21वीं सदी के राजा हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। पूरे प्रदेश से 16 जगहों से कांग्रेस कार्यकर्ता वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। वहीं, छह बजे राहुल गांधी हरकी पैड़ी पर गंगा आरती करेंगे। राहुल की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले उन्होंने ऊधम सिंह नगर जिले के किच्छा में किसानों से संवाद किया।

राहुल गांधी ने कहा कि किसान इस देश की रीढ़ है। एक साल तक किसान सड़कों पर खड़े थे। क्योंकि नरेंद्र मोदी जी ने तीन काले कानून लागू किया। कानून का लक्ष्य किसानों की आमदनी किसानों की मेहनत किसानों की शक्ति को नरेंद्र मोदी छीन कर दो-तीन सबसे बड़े अरबपतियों को देना चाहते थे और किसानों ने कहा कि हम आप से डरते नहीं है। हम आपके सामने खड़े हैं, हम वापस नहीं आएंगे, आपको जो करना है करो। अंत में नरेंद्र मोदी जी बीजेपी की सरकार को पीछे हटना पड़ा।



### राहुल गांधी ने किए ये चार वादे

भगत सिंह चौक पर वर्चुअल रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हम आपसे चार वादे कर रहे हैं। चार लाख लोगों को रोजगार देंगे। घरेलु सिलिंडर की कीमत पांच सौ रुपये से ज्यादा नहीं होगी। अगर उत्तराखंड में हमारी सरकार आई तो हम राज्य में न्याय योजना लागू करेंगे, जिसके तहत पांच लाख परिवारों को चालीस हजार रुपये हर साल दिए जाएंगे। चिकित्सा सुविधाएं दरवाजे तक पहुंचाने का चौथा वादा राहुल गांधी ने किया। कहा कि हमने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब के किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था और हमने वह किया।

### पांच साल रोजगार मंत्री रहा लेकिन एक भी चपरासी नहीं लगा पाया

पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि मैं पिछली सरकार में रोजगार मंत्री रहा पर पांच साल में एक भी चपरासी नहीं लगा पाया। कांग्रेस ने उत्तराखंड के 4 लाख नौजवानों को रोजगार देने का वादा किया है। मोदी जी ने गैस का कनेक्शन तो दे दिया, लेकिन एक हजार रुपये सिलेंडर खरीदने को नहीं है।

**अंतिम चरम पर चुनाव का प्रचार**

विधानसभा चुनाव का प्रचार अपने अंतिम चरम पर पहुंच रहा है। हालांकि, कोविड गाइड लाइन के चलते प्रतिबंधों के साथ चुनाव प्रचार किया जा रहा है, लेकिन अब कांग्रेस की तरफ से चुनाव प्रचार करने के लिए शनिवार शाम कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी हरिद्वार पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### डिजिटल कृषि है भारत का भविष्यः पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि इस साल के बजट में क्लाइमेट एक्शन पर ज्यादा जोर दिया गया है। बजट प्राकृतिक और डिजिटल कृषि पर केंद्रित है। यह हरित भविष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैदराबाद के पाटनचेरु में अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।

### कोरोना की तीसरी लहर में धीरे-धीरे हो रहा सुधार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना महामारी की तीसरी लहर में हालात धीरे-धीरे सुधर रहे हैं। सक्रिय मामलों यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। पिछले एक दिन में सक्रिय मामलों में एक लाख से ज्यादा की कमी आई है। हालांकि, मौतें एक हजार से ऊपर ही बनी हुई हैं।

## आज मानवीय प्रेरणाओं को मूर्त रूप दे रहा भारतः पीएम

### पीएम ने किया संत रामानुजाचार्य की प्रतिमा स्टैच्यू आफ इक्वलिटी का अनावरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां 11वीं सदी के संत और समाज सुधारक रामानुजाचार्य की 216 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने शमशाबाद स्थित यज्ञशाला में विधिवत पूजा-पाठ की। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संत रामानुजाचार्य की यह प्रतिमा भारत और विश्व में समानता का प्रतीक है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- आज मां सरस्वती की आराधना के पावन पर्व, बसंत पंचमी का शुभ अवसर है। मां शारदा के विशेष कृपा अवतार श्री रामानुजाचार्य जी की प्रतिमा इस अवसर पर स्थापित हो रही है। मैं आप सभी देशवासियों और पूरे विश्व में फैले श्री रामानुजाचार्य जी के अनुयायियों को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अनेक-अनेक बधाई देता हूं। जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य जी की इस भव्य विशाल मूर्ति के जरिए भारत मानवीय ऊर्जा और प्रेरणाओं को मूर्त रूप दे रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि रामानुजाचार्य जी की यह प्रतिमा ना केवल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी बल्कि भारत की प्राचीन पहचान को भी मजबूत करेगी।

**64 फीट ऊंचे आधार पर स्थापित है प्रतिमाः** प्रतिमा 64 फीट ऊंचे आधार पर स्थापित है जिसको भद्र वेदी नाम दिया गया है। इस भद्र वेदी में डिजिटल लाइब्रेरी और रिसर्च सेंटर बनाया गया है जहां प्राचीन भारतीय ग्रंथों एवं संत श्री रामानुजाचार्य के कार्यों की जानकारी देती गैलरी की स्थापना की गई है।

**उठाई थी समानता के लिए आवाजः** वैष्णव संत श्री रामानुजाचार्य का जन्म तमिलनाडु के पेरंबदूर में वर्ष 1017 में हुआ था। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान मानने का दर्शन दिया था।

### दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा



संत श्री रामानुजाचार्य की बैठी हुई मुद्रा में यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है। इस मामले में थाइलैंड स्थित 302 फीट की बुद्ध की प्रतिमा सबसे ऊंची है। है। संत श्री रामानुजाचार्य की प्रतिमा हैदराबाद के बाहरी इलाके शमशाबाद में 45 एकड़ के भव्य मंदिर परिसर में स्थापित की गई है।

## नवजोत सिंह सिद्धू ने खुद को बताया अंगद का पैर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पंजाब। पंजाब में कांग्रेस का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसे लेकर पार्टी में घमासान छिड़ा है। हालांकि शनिवार को नवजोत सिंह सिद्धू ने दो बातें साफ कर दी हैं। पहली, उन्होंने पंजाब में खुद को अंगद का पैर बता दिया है। दूसरा, सिद्धू ने कहा, मुझे राहुल गांधी का हर शब्द मंजूर है। आखिरी सांस तक मैं उनकी बात मानूंगा। इसके बाद राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राहुल गांधी छह फरवरी को लुधियाना की वर्चुअल रैली के जरिए अंगद का पैर हिला देंगे। मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राहुल गांधी, चरणजीत सिंह चन्नी को बतौर मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर सकते हैं।

पंजाब कांग्रेस के चीफ नवजोत सिंह सिद्धू ने एक टीवी चौनल को दिए साक्षात्कार में सिद्धू और चन्नी के लिए ढाई-ढाई साल के सीएम के फॉर्मूला वाले सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, मैं लोगों के बीच रहना चाहता हूं। अमृतसर का एमपी बनकर लोगों के दिल में बस गया। मुझे राहुल का हर शब्द मंजूर है। आखिरी सांस तक मैं उनकी बात मानूंगा। सिद्धू तो पंजाब बदलने आया है, पद के लिए नहीं। चुनावी माहौल में सीएम चन्नी के भतीजे के यहां ईडी की रेड, इस पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा, राजनीति देखो, टाइमिंग क्या है ये भी देखो। चार साल पुराना केस खोल दिया, जनता सब जानती है। पहले कुछ साबित तो करो।

सिद्धू ने कहा, उनकी पत्नी नवजोत कौर ने गलत नहीं कहा है कि आगे हम में से एक रिटायर हो जाएगा। अरे घर चलाने के लिए पैसा चाहिए। कोई तो एक कमाएगा। बतौर सिद्धू, मैंने तो राज्यसभा छोड़ दी थी, मंत्री पद का लालच नहीं किया। मेरा मानना है कि झूठे सपने दिखाकर पंजाब को ठगने वाला नहीं व्यक्ति सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठना चाहिए।

### घमासान

- पंजाब में कांग्रेस का मुख्यमंत्री कौन होगा को लेकर घमासान

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## एक तरफ विकास, दूसरी तरफ बुलडोजर चलेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शामली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को शामली पहुंचे थे। करीब पौने दो उनका हेलीकॉप्टर शामली में उतरा। सीएम योगी सबसे पहले कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि तीसरी लहर को नियंत्रित कर चुके हैं। इसके बाद सीएम योगी वीवी इंटर कॉलेज पहुंचे।

### सीएम योगी का सपा-बसपा पर हमला

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा सपा और बसपा की सरकार में कानून व्यवस्था का बुरा हाल था। तभी यहां कांधला-कैराना से पलायन होता था। मुजफ्फरनगर के दंगे होते थे। ये दो लड़कों की जोड़ी में से एक लखनऊ में बैठकर किसानों पर गोलियां चलवा रहा था। एक दिल्ली में बैठकर तमाशा देखता था। भाजपा सरकार ने सुरक्षित माहौल दिया है। पिछली सरकार में जनता के हित में कोई काम नहीं हुआ।

सीएम योगी ने कहा भाजपा ने बहन-बेटी और व्यापारी को सुरक्षा का एहसास कराया है। किसानों को सम्मान दिया। युवाओं को रोजगार दिया। कोरोना महामारी में मुफ्त जांच और इलाज कराया।